SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

# Important Current Affairs 19th September 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 19th September 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 19th September 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 19th September 2017 in Hindi

1. **अक्टूबर में शुरू किया जाएगा 'शून्य भूख कार्यक्रम'**
    - 16 अक्टूबर (विश्व खाद्य दिवस) को तीन जिले - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, ओडिशा के कोरापुट और महाराष्ट्र के ठाणे में कृषि क्षेत्र में हस्तक्षेप के जरिए भारत का महत्वाकांक्षी 'शून्य भूख' कार्यक्रम शुरू होगा|
    - यह कार्यक्रम ICAR, ICMR और BICAR द्वारा शुरू किया जाएगा|
    - कार्यक्रम का उद्देश्य 2022 तक भारत में कुपोषण समाप्त करना है|
2. **खनिज बिदेश भारत बनाने के लिए समझौता**
    - राष्ट्रीय एल्युमिनियम कंपनी, हिंदुस्तान कॉपर और MECL ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं|
    - प्रस्तावित संयुक्त उद्यम, व्यावसायिक उपयोग के लिए विदेशों में सामरिक खनिजों की पहचान, अन्वेषण, विकास और प्रक्रिया करेगा और घरेलू ज़रूरतों की आपूर्ति करेगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017 PRELIMS TEST PACK 25 FULL TESTS ₹293/- testbook

- यह संयुक्त उद्यम उन 12 सामरिक खनिजों में सौदा करेगा जो या तो भारत में उपलब्ध नहीं हैं या उपलब्ध मात्रा जरुरत से कम हैं|

3. **स्वच्छ भारत के ब्रांड एंबेसडर**
    - उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अक्षय कुमार की नियुक्ति की घोषणा की|
    - स्वच्छ भारत का उद्देश्य व्यक्तिगत, क्लस्टर और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के माध्यम से 'खुले में शौच' को कम करना या समाप्त करना है|
    - उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी स्वच्छता अभियान के लिए अक्षय कुमार को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया था|
4. **अंतर-सरकारी आयोग की बैठक**
    - केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अंतर-सरकारी आयोग की 13वीं बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए कजाखस्तान जाएंगे|
    - बैठक का उद्देश्य प्रधान मंत्री मोदी की कजाखस्तान की दो यात्राओं के दौरान भारत और कजाखस्तान के बीच तय की गई कार्यसूची पर अनुवर्ती कार्रवाई करना है|
    - दोनो देशों के व्यापार, आर्थिक और निवेश सहयोग के विस्तार के लिए एक योजना को अंतिम रूप मिलने की उम्मीद है|
5. **सिंगापुर करेगा कौशल केंद्र स्थापित**
    - सिंगापुर सरकार, गुवाहाटी में एक कौशल केंद्र स्थापित करेगी जो पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को सेवाएं देगा|
    - वर्ष 2019 तक गुवाहाटी में कौशल केंद्र स्थापित होने का प्रस्ताव है और DoNER मंत्रालय इस पहल में समन्वय करेगा|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017 COMBO PACK
120 TOTAL TESTS ₹787/-
testbook

- सिंगापुर और असम राज्य सरकार के बीच इसके लिए एक समझौता ज्ञापन पर पहले ही औपचारिक हस्ताक्षर कर दिए गए हैं|

6. **रॉबिन्स बनेंगे कार्यकारी अध्यक्ष**
    - सिस्को ने घोषणा की है कि उसके CEO चक रॉबिंस को कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाएगा|
    - यह घोषणा, वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष, जॉन चेम्बर्स द्वारा निदेशक मंडल को पुनः चुनाव में न खड़े होने की सूचना देने के बाद की गई|
    - रॉबिंस, 1997 में सिस्को में शामिल हुए थे और जुलाई 2015 में CEO का पद ग्रहण किया था|
    - चैम्बर्स को 'चेयरमैन एमिरिटस' की मानद उपाधि दी जाएगी|
7. **इजराइल का पहला अमेरिकी सैन्य बेस**
    - इतिहास में पहली बार अमेरिका ने इजराइल में स्थायी सैन्य बेस स्थापित किया है|
    - यह बेस, दक्षिणी इज़राइल में 'इजराइल डिफेंस फोर्स एयर डिफेन्स स्कूल' के अन्दर स्थित होगा|
    - इसमें देश में तैनात अमेरिकी सैनिकों के लिए बैरक और कई अन्य इमारतों सहित हवाई खतरों की पहचान और अवरोधन के लिए प्रणाली शामिल की जाएँगी|
    - यह इजरायल के सैन्य विनियमों के तहत काम करेगा|
8. **शहीद ग्राम विकास योजना**
    - झारखंड सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के गांवों को विकसित करने के लक्ष्य से 'शहीद ग्राम विकास योजना' का शुभारंभ किया है|

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- यह पहल स्वतंत्रता सेनानी और झारखंड के जनजातीय किवदंती, बिरसा मुंडा के जन्मस्थान से शुरू की गयी|
- गांवों के विकास के अलावा, गांवों के निवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी|

9. **सबसे बड़ी संप्रभु निधि हुई 1 ट्रिलियन डॉलर**
    - दुनिया में सबसे बड़ी नॉर्वेजियन संप्रभु धन निधि, आधिकारिक तौर पर पहली बार 1 ट्रिलियन $ तक पहुंच गई है|
    - तेल निष्कर्षण से उत्पन्न होने वाले राजस्व का निवेश करने के लिए नॉर्वे की निधि को 20 से अधिक वर्ष पहले स्थापित किया गया था|
    - 2017 के दौरान मजबूत इक्विटी बाजारों के साथ संयुक्त रूप से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दुनिया की प्रमुख मुद्राओं में आई मजबूती के कारण फंड के मूल्य में तेजी से वृद्धि हुई है|
10. **बाम्बावाले चीन के लिए नए उच्चायुक्त**
    - पकिस्तान के लिए भारतीय उच्चायुक्त गौतम बंबावाले को चीन का राजदूत नियुक्त किया गया है|
    - उन्होंने पूर्वी एशिया डिवीज़न के संयुक्त सचिव के रूप में सेवा की है जहां उन्होंने चीन और जापान दोनों को संभाला|
    - चीन में भारत के मौजूदा उच्चायुक्त, विजय गोखले को विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) के रूप में नियुक्त किया गया|
    - गोखले ने बीजिंग के साथ डोक्लाम संकट को कम करने में एक प्रमुख भूमिका निभायी|
11. **SSB की नई खुफिया इकाई**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017 COMBO PACK 120 TOTAL TESTS ₹787/- testbook

- गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य सीमा बल की पहली खुफिया शाखा का संचालन शुरू किया है|
- यह भूटान और नेपाल की सीमाओं के साथ आतंकवादियों, अवैध आप्रवासियों, जाली मुद्रा आदि पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करेगी|
- कार्रवाई योग्य जानकारी इकट्ठा करने के लिए 650 फील्ड और स्टाफ एजेंट होंगे|
- SSB को भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं के लिए प्रमुख खुफिया एजेंसी घोषित किया गया था|

12. **प्रथम पेंशन अदालत**

- पेंशन राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में पहले पेंशन अदालत का उद्घाटन करेंगे|
- इसका उद्देश्य पीड़ित पेंशनभोगी, संबंधित विभाग और बैंक को एक मंच पर लाना है ताकि मामलों को मौजूदा नियमों के ढांचे के अन्दर सुलझाया जा सके|
- डॉ. सिंह द्वारा, पेंशनभोगीयों को 'अनुभव' - सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा सरकार के साथ अपने अनुभव को साझा करने के लिए मंच, में योगदान देने लिए पुरस्कृत किया जायेगा|

13. **ट्विटर से जुड़े कृष्णन**

- ट्विटर ने फेसबुक और स्नैप के भारतीय मूल के पूर्व वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, श्रीराम कृष्णन को अपना वरिष्ठ उत्पाद निदेशक नियुक्त किया है|
- वे ट्विटर एप की, टाइमलाइन, डायरेक्ट मेसेजिंग और सर्च जैसी मुख्य विशेषताओं के लिए जिम्मेदार होंगे|
- स्नैपचैट की मूल कंपनी स्नैप में प्रमुख विज्ञापन प्रयासों की सहायता करने के लिए कृष्णन ने फरवरी 2016 में फेसबुक छोड़ा| उन्होंने इस वर्ष फरवरी में स्नैप छोड़ दिया|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

14. **मार्क ब्यूमोंट ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड**

- साइकिल चालक मार्क ब्यूमोंट ने 79 दिनों में साइकिल से विश्व यात्रा पूरी कर के विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है, यह पिछले रिकॉर्ड से 44 दिन कम है|
- वे प्रतिदिन, 240 मील प्रति घंटा की औसत गति से 18,000 मील साइकिल चलाने के बाद निर्धारित समय से एक दिन पहले पेरिस पहुंचे|
- उनका नया रिकॉर्ड, 2015 में न्यूजीलैंड के एंड्रयू निकोलसन के 123 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ता है|
- वे रात में 5 घंटे सोते थे और प्रति दिन 16 घंटे से अधिक साइकिल चलाते थे

15. **रजनीकांत मिश्रा बने नए SSB प्रमुख**

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति कमिटी ने वरिष्ठ IPS अधिकारी रजनीकांत मिश्रा को सशस्त्र सीमा बल के नए प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है|
- मिश्रा, 1984 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं, वे 30 सितंबर को सेवानिवृत होने वाली अर्चना रामासुंदरम की जगह लेंगे|
- उन्हें 2014 में BSF के अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्हें हाल में BSF में विशेष निदेशक जनरल रैंक पर पद्दोनत किया गया था|

16. **पुनीत गोयंका की पुनः नियुक्ति**

- नई दिल्ली में आयोजित 18वीं वार्षिक आम बैठक में पुनीत गोयंका को लगातार दूसरे वर्ष इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया|
- गोएन्का, ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के MD और CEO हैं|
- IBF, भारत में प्रसारण क्षेत्र का शीर्ष निकाय है| इसकी स्थापना,1999 में भारत में टेलीविजन प्रसारकों के हितों को बढ़ावा देने और प्रतिनिधित्व करने के लिए की गयी थी|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

17. **कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव**

- जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल एन. एन. वोहरा ने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2017 का उद्घाटन किया|
- महोत्सव का आयोजन कश्मीर की योग सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है और इस महोत्सव में भारत के विभिन्न हिस्सों, वियतनाम, ताइवान, कनाडा, बुल्गारिया, अमेरिका और नेपाल के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं|
- पहला अंतरराष्ट्रीय योगोत्सव, उत्तराखंड में आयोजित किया गया था|

18. **कुपोषितों की सहायता के लिए मिशन मोड**

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, देश में कुपोषितों की सहायता करने के लिए मिशन मोड पर नई दिल्ली में पहला राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा|
- सरकार ने कुपोषण पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है और पूरे देश के 113 सबसे पिछड़े जिलों की पहचान की है|
- इन जिलों को 2020 तक प्रति वर्ष 2 से 3% तक पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने की आवश्यकता होगी|

19. **भारत के 'नेफ्रोलोजी के जनक' का निधन**

- भारत में 'नेफ्रोलोजी के जनक' कहे जाने वाले डॉ. किरपाल चुग का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया|
- उन्हें इस विज्ञान को मेडिसिन से अलग करने और इसे सुपर स्पेशलिटी में विकसित करने के लिए, 'भारत में नेफ्रोलॉजी जनक' के रूप में जाना जाता है|
- उन्हें 2000 में चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म श्री, से सम्मानित किया गया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
PRELIMS TEST PACK
25 FULL TESTS
₹293/-
testbook

- उन्होंने PGIMER में 3 दशकों के अपने कैरियर में 72 मेडिसिन डॉक्टरेटों का निर्माण किया|

20. **जिला परिवार कल्याण समितियां**

- त्रिपुरा, महिलाओं द्वारा पति, ससुराल वालों और पति के रिश्तेदारों के खिलाफ नकली और पक्षपातपूर्ण शिकायत जैसे मामलों से निपटने के लिए परिवार कल्याण जिला समितियों की स्थापना करने वाला पहला राज्य बन गया है|
- त्रिपुरा के सभी 8 जिलों में कल्याण समितियां शुरू की गई हैं|
- देशभर में महिलाओं द्वारा पति और ससुराल वालों पर 80% से अधिक झूठे, नकली और पक्षपाती मामले दायर किये हैं|

**Attempt Current Affair Quiz for 19th September 2017**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play